तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार 18 अप्रैल 2026

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



04 जनगणना आंकड़ों का संग्रह नहीं देश के विकास...





04 विकास की वृहद योजनाओं से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों...




## मनकेशरी बायपास हुआ रक्त रंजित, ट्रेलर-पिकअप की भिड़ंत में युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

बस्तर की जीवनरेखा कहे जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार 17 अप्रैल की सुबह मनकेशरी बाईपास एक बार फिर रक्त रंजित हो गया। यहाँ एक तेज रफ्तार ट्रेलर और पिकअप वाहन के बीच हुई सीधी भिड़ंत में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार यह सड़क दुर्घटना सुबह लगभग 5:30 से 6:30 बजे के बीच घटित हुई। बताया जा रहा है कि ट्रेलर क्रमांक सीजी 27 टी 7863 जिसे मध्य प्रदेश के सिंगरौली निवासी 30 वर्षीय नारायण सिंह चला रहा था। वह जगदलपुर से रायपुर की ओर जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही पिकअप क्रमांक सीजी 04 क्यूआर 6662 के साथ उसकी जोरदार टक्कर हो गई। भिड़ंत इतनी भीषण थी कि टक्कर के बाद पिकअप वाहन बीच सड़क पर ही पलट गया, जिससे उसमें सवार युवक अंदर ही फंस गए। वहीं अनियंत्रित होकर ट्रेलर सड़क से नीचे उतरकर गड्ढे में जा गिरा। पिकअप वाहन में रायपुर के कबीर नगर निवासी दो युवक 19 वर्षीय आकाश शुक्ला पिता राधे श्याम और 22 वर्षीय प्रतीक शुक्ला पिता सूर्य शुक्ला सवार थे। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में पिकअप सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। घटना कि जानकारी मिलते ही यातायात पुलिस और हाईवे पेट्रोलिंग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। ⏭ शेष पेज 02 पर

### भीषण टक्कर में पिकअप के उड़े परखच्चे





### ब्लैक स्पॉट बनता जा रहा मनकेशरी बायपास

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि मनकेशरी बाईपास के पास लगातार हो रही दुर्घटनाएं चिंता का विषय हैं। सुबह के समय अक्सर तेज रफ्तार और नींद की झपकी ऐसे हादसों का मुख्य कारण बनती है। इस घटना ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और बाईपास पर वाहनों की नियंत्रित गति को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## खबर संक्षेप

### एनएमएमएसई में 516 विद्यार्थी होंगे शामिल



**दुर्गुकोंदल।** राष्ट्रीय साधन-सह-प्रवीण छात्रवृत्ति परीक्षा 2026-27 के तहत 2 मई 2026 को आयोजित होने वाली परीक्षा को लेकर विकासखंड दुर्गुकोंदल में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। विकासखंड की नोडल अधिकारी एवं सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजली मंडावी ने जानकारी दी कि इस वर्ष कुल 516 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा के लिए दो केंद्र सेजेस दुर्गुकोंदल जिसमें 300 और एकलव्य आवासीय विद्यालय भंडारडिग्गी, जिसमें 216 छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। परीक्षा प्रभारी वासु शंकर सिन्हा ने बताया कि दोनों केंद्रों के लिए केंद्राध्यक्षों की नियुक्ति भी कर दी गई है।

### सामूहिक विवाह के लिए 30 तक मौका

**कांकेर।** महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में शामिल होने के लिए पात्र आवेदकों से 30 अप्रैल तक आवेदन करने का मौका है। जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन जैन ने बताया कि 3 मई को राज्य में वृहद मुख्यमंत्री कन्या विवाह समारोह का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। इस योजना के तहत आवेदन करने के लिए निर्धारित पात्रतानुसार कन्या गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले अथवा मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजनांतर्गत राशनकार्ड धारी परिवार आवेदन कर सकते हैं।

### चुनावः रिटर्निंग व सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त

**कांकेर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने नगर पंचायत पखांजूर एवं नगर पंचायत चारामा में उप निर्वाचन को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किए हैं। जारी आदेशानुसार नगर पंचायत पखांजूर के वार्ड क्रमांक-09 में पार्षद पद के निर्वाचन के लिए एसडीएम पखांजूर को रिटर्निंग ऑफिसर एवं तहसीलदार तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी पखांजूर को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर और नगर पंचायत चारामा के वार्ड क्रमांक 13 में पार्षद के निर्वाचन के लिए एसडीएम चारामा को रिटर्निंग ऑफिसर तथा तहसीलदार एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी चारामा को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है।

### घायल दो युवक की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** छोटेबेठिया थानांतर्गत आलदण्ड निवासी 25 वर्षीय श्याम लाल वड्डे पिता स्व. पितला और आकमेटा निवासी 36 वर्षीय राजेश देहारी पिता सुकलाल देहारी दोनो सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। ⏭ शेष पेज 02 पर

### विकास : विधायक विक्रम ने करोड़ों की लागत बनने वाले पुलों का किया भूमिपूजन

## नक्सल अंधेरा छटते ही विकास गतिमान आमाबेड़ा क्षेत्र में होंगे दो पुलों के निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

आमाबेड़ा क्षेत्र, जो लंबे समय तक नक्सल प्रभावित रहा है, आज विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ा चुका है। वर्षों तक नक्सली गतिविधियों के कारण यहां बुनियादी सुविधाओं का अभाव रहा, विशेष रूप से सड़क और पुल निर्माण जैसे कार्य बाधित होते रहे। कई गांव ऐसे थे जो बरसात के दिनों में पूरी तरह से टापू में तब्दील हो जाते थे, जिससे लोगों का आवागमन, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजमर्रा की जरूरतें प्रभावित होती थीं।

नक्सलियों के आत्मसमर्पण और क्षेत्र में शांति की बहाली के बाद प्रशासन द्वारा लगातार विकास कार्यों को गति दी जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार 17 अप्रैल को आमाबेड़ा इलाके में दो महत्वपूर्ण पुलों का भूमिपूजन विधायक विक्रम उसेंडी के मुख्य आतिथ्य, जनपद अध्यक्ष मनोरमा मंडावी की अध्यक्षता, कलेक्टर नीलेश कुमार क्षीरसागर, जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी एवं अन्य जनपद सदस्य मंगलूराम हिड़को के विशेष आतिथ्य में हुआ। भूमिपूजन के उपरांत आमजन को संबोधित करते हुए विधायक उसेंडी कहा कि यह सिर्फ पुल निर्माण का कार्य नहीं, बल्कि आमाबेड़ा के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखने का ऐतिहासिक क्षण है। आमाबेड़ा क्षेत्र ने वर्षों तक नक्सलवाद की पीड़ा झेली है। यहां के लोगों ने भय और अभाव के बीच जीवन यापन किया है, लेकिन अब परिस्थितियां बदल रही हैं।

नक्सलियों के आत्मसमर्पण और शासन-प्रशासन की दृढ़ इच्छाशक्ति के कारण इस क्षेत्र में शांति स्थापित हो रही है, जो विकास की सबसे बड़ी शर्त है। उन्होंने आगे कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का मुख्य उद्देश्य अब इन पिछड़े और प्रभावित क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ना है। पुल और सड़क किसी भी क्षेत्र के विकास की रीढ़ होते हैं। जब तक गांवों को अच्छी सड़कों और पुलों से नहीं जोड़ा जाएगा, तब तक वहां शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसर नहीं पहुंच सकते। आज जिन दो पुलों का भूमिपूजन हुआ है, वे आने वाले समय में आमाबेड़ा के दर्जनों गांवों के लिए जीवनरेखा साबित होंगे। विधायक उसेंडी ने बताया कि इन पुलों के निर्माण से बरसात के दिनों में लोगों को होने वाली समस्याओं का स्थायी समाधान मिलेगा। ⏭ शेष पेज 02 पर



### बारिश में आमाबेड़ा क्षेत्र के टापू बनने वाले गांवों के लोगों को मिलेगी अब राहत



### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

आयोजित कार्यक्रम जनपद पंचायत अंतागढ़ के पूर्व उपाध्यक्ष दयाराम जैन, कोलियारी सरपंच मनऊराम गोटा, आमाबेड़ा सरपंच शशिकला बघेल, बोड़ागांव सरपंच रूपेश्वरी कोर्राम, तेवड़ा सरपंच श्यामसिंह सरफे, आमाबेड़ा के वरिष्ठ भाजपा नेता लखन ठाकुर, लक्ष्मण उसेंडी, चंदन दीवान, देवेंद्र पटेल, परगना मांझी चंदन हिड़को, ग्राम गायता वीर सिंह हिड़को, ग्राम पटेल मंगतू हिड़को, कुरूटोला और आसपास के सैकड़ो नागरिकगण के अलावा पीएमजीएसवाय, आरईएस, पुलिस विभाग एवं अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## खाद्य प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण सोलह सैंपल प्रयोगशाला भेजा गया

- दुकानदारों को स्वच्छता के दिए कड़े निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्ट निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया जा रहा है। इस दौरान जिले के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों से16 खाद्य नमूना संकलित कर गुणवत्ता जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है।

अभिहित अधिकारी सुमित देवांगन ने बताया कि जिले के चारामा, कांकेर, पखांजूर के खाद्य प्रतिष्ठानों से जांच कर विभिन्न खाद्य पदार्थ जिसमें वनीला आईसक्रीम, आईस कैंडी, आईस लॉली, बर्फ कैफीनेटेड एनर्जी-मॉनस्टर, आइकैन, हेल एनर्जी डिंग्स, थम्स-अप इत्यादि कोलड्रिंग्स का 16 खाद्य नमूना संकलित कर गुणवत्ता जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है।

मानकों के पालन में कमी पाए जाने पर एवं समय-सीमा में सुधार तथा आवश्यक खाद्य सुरक्षा अनुपालन हेतु सबंधित फर्म संचालक को सुधार नोटिस दिया गया है। खाद्य पदार्थ के गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर संबंधित फर्म संचालक के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। उन्होने बताया कि खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण एवं नमूना संकलन ग्रीष्म ऋतु तक निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण आदि कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

### दुकान संचालकों को दिए निर्देश

खाद्य प्रतिष्ठानों कोलड्रिंग्स सेंटर, किराना, खाद्य बर्फ फैक्ट्रियों, आईसकीम निर्माता फर्म, ठेला गुमटी आईस लॉली, आईस कैंडी व गन्ना जूस कॉर्नर का निरीक्षण कर परिसर में स्वच्छता रखने, स्वच्छ पेयजल, खाद्य पेय, जूस का वितरण करते समय स्वच्छता मानक का पालन करने के साथ-साथ हैण्ड गल्बस, हेंड वियर व डस्टबिन इत्यादि का उपयोग करने का निर्देश दिया जा रहा है।

## जनगणना प्रगणकों को 3 दिवसीय प्रशिक्षण में मिली अहम जिम्मेदारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

नगर पालिका परिषद कांकेर में जनगणना को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन हुआ, जिसमें अधिकारियों और प्रगणकों को जनगणना के महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया गया।

नगर पालिका परिषद के सभाकक्ष में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रथम चरण सफलतापूर्वक हुआ। समापन अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी पवन कुमार मेरिया की उपस्थिति में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 6 सुपरवाइजर एवं 36 प्रगणकों को संबोधित किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने कहा कि दशकीय जनगणना देश के विकास की आधारशिला है और विकसित भारत 2024 के लक्ष्य को प्राप्त करने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने सभी प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों से जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। ⏭ शेष पेज 02 पर

## पेंशनधारी कल्याण संघ की हुई मासिक बैठक



**पखांजुर।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा पखांजुर कि मासिक बैठक 16 अप्रैल को हुई। इस बैठक में जिला कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ-साथ तहसील शाखा के पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहें। जिले की विभिन्न इकाइयों जैसे कांकेर, चारामा, नरहरपुर, भानुप्रतापपुर, लखनपुरी और अंतागढ़ से आए अतिथि स्वागत किया गया। बैठक के दौरान पदाधिकारियों ने अपने बहुमूल्य सुझाव प्रस्तुत किए। तहसील पखांजुर में सदस्यता ग्रहण करने वाले 14 नए सदस्यों का गुलाल लगाकर और श्रीफल भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया।

## छात्र शैक्षणिक भ्रमण में कोतवली पहुंचे साइबर फ्रॉड बचाव पर मिली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

पुलिस और समाज के बीच भरोसे को मजबूत करने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए थाना कोतवाली कांकेर में सेन्ट माइकल स्कूल, गोविंदपुर के विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस दौरान बच्चों ने न केवल पुलिस की कार्यप्रणाली को करीब से समझा, बल्कि साइबर सुरक्षा और कानून से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां भी प्राप्त किया।

कोतवाली कांकेर प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस बनसोडे प्रतिक दादासाहेब के निर्देशन में 17 अप्रैल को आयोजित इस भ्रमण में लगभग 65-70 विद्यार्थियों ने भाग लिया। थाना परिसर में पहुंचने पर विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए पुलिस अधिकारियों ने उन्हें थाना की संरचना, कार्य प्रणाली और विभिन्न शाखाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बच्चों को थाना बंदी गृह, मालखाना और शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं से भी अवगत कराया गया। विशेष रूप से, आगामी गर्मी की छुट्टियों को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया।

पुलिस अधिकारियों ने सरल भाषा में बताया कि अधिक समय तक मोबाइल और इंटरनेट के उपयोग से कैसे साइबर फ्रॉड का खतरा बढ़ सकता है और उससे कैसे बचा जा सकता है। इस दौरान सीईआईआर पोर्टल, सीसीटीएनएस पोर्टल, डिजिटल अरेस्ट, साइबर हेल्पलाइन नंबर तथा अन्य इंटरनेट अपराधों की जानकारी दी गई। ⏭ शेष पेज 02 पर



### आयोजित कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

इस शैक्षणिक भ्रमण में उपनिरीक्षक दयालू राम साहू, मनोरथ जोशी, प्रधान आरक्षक दशरू राम कंवर, गीतेश्वर कुलदीप, आरक्षक अनिल सलाम, पूरन साहू, शिशुपाल सोरी और अनिल मरकाम सहित अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### मुसुरपुट्टा पशु बाजार को लेकर मचा है घमासान

## गौ तस्करी रोकने के लिए मुसुरपुट्टा में दण्डवत यात्रा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बासनवाही

मुसुरपुट्टा में लगने वाला साप्ताहिक पशु बाजार इन दिनों बड़े विवाद का केंद्र बन गया है। गो-तस्करी के गंभीर आरोपों और जिम्मेदार विभाग की निष्क्रियता के विरोध में माहौल गरमाता जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार से उमेश बिसेन और मेघा चौहान ने मुसुरपुट्टा से कांकेर तक दण्डवत यात्रा शुरू कर दी है, जिससे पूरे क्षेत्र में इस मुद्दे को लेकर हलचल तेज हो गई है।

गौसेवकों और विभिन्न हिंदू संगठनों का आरोप है कि यह बाजार अब अवैध गौ-तस्करी का प्रमुख अड्डा बन चुका है। उन्होंने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए बाजार को तत्काल प्रभाव से बंद करने की मांग की है। संगठनों का दावा है कि हर सप्ताह बड़ी संख्या में गौवंश को ओडिशा के रास्ते पश्चिम बंगाल के कत्लखानों तक अवैध रूप से भेजा जा रहा है। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया है कि बाहरी राज्यों के संगठित तस्कर इस बाजार में सक्रिय हैं और स्थानीय गरीब ग्रामीणों को लालच देकर उन्हें स्लीपर सेल की तरह उपयोग कर रहे हैं। गोवंश को पैदल और छोटे वाहनों के माध्यम से सीमावर्ती इलाकों से बाहर ले जाने की बात सामने आई है।

संगठनों का कहना है कि बाजार अब व्यापारिक गतिविधियों से ज्यादा अवैध गतिविधियों का केंद्र बन गया है। विरोध कर रहे उमेश बिसेन और मेघा चौहान सहित अन्य सदस्यों ने चेतावनी दी है कि बाहरी माफियाओं की बढ़ती सक्रियता से क्षेत्र की शांति और कानून-व्यवस्था पर गंभीर असर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से इस बाजार को बंद करने की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।



### कार्रवाई नहीं होने पर दी तेज आंदोलन करने की चेतावनी

इस मामले की शिकायत छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा को भी भेजी गई है। संगठनों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा। फिलहाल इस पूरे मामले में प्रशासन के रुख और संभावित कार्रवाई पर क्षेत्रवासियों की नजरें टिकी हुई हैं।

## शराब दुकान के पास चखना दुकानों पर की कार्रवाई, 6 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और आबकारी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से चलाए गए विशेष अभियान के तहत पंडरीपानी क्षेत्र में स्थित देशी एवं अंग्रेजी शराब दुकानों के पास संचालित चखना दुकानों पर कार्रवाई की गई। इस दौरान आबकारी अधिनियम की धारा 36(सी) के तहत 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंडरीपानी के समीप मुख्य मार्ग पर स्थित शराब दुकानों के आसपास असामाजिक तत्वों द्वारा अवैध जमावड़ा लगाकर सड़क किनारे खुलेआम शराब सेवन, अवैध पार्किंग और आम लोगों के आवागमन में बाधा उत्पन्न किए जाने की लगातार शिकायतें पुलिस अधीक्षक को मिल रही थीं। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने उच्चाधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान पंडरीपानी स्थित शराब दुकानों के पास संचालित चखना दुकानों पर दबिश दी गई, जहां खुलेआम शराब सेवन और अव्यवस्था पाए जाने पर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान सुभाष वार्ड कांकेर निवासी 30 वर्षीय शाहरूख खान, बरदेभाठा कांकेर निवासी 35 वर्षीय दिनेश प्रधान, माहुरबंदपारा कांकेर निवासी 37 वर्षीय कमलेन्द्र श्रीवास्तव, अन्नपूर्णापारा कांकेर निवासी सुनील कुमार रवानी, बरदेभाठा कांकेर निवासी राधेलाल फूटान और बरदेभाठा कांकेर निवासी 58 वर्षीय गोदावरी बाई को पकड़ा गया। ⏭ शेष पेज 02 पर



## खबर संक्षेप

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की तिथि बढ़ी, 19 तक कर सकेंगे आवेदन

**कोण्डागांव।** अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कॉलेज स्तर के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। विभाग ने लंबित आवेदनों की संख्या को ध्यान में रखते हुए प्रस्ताव एवं स्वीकृति की तिथियों में वृद्धि की है। संस्थाओं द्वारा लंबित प्रस्ताव को लॉक कर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को भेजने की अंतिम तिथि 19 अप्रैलनिर्धारित की गई है। शासकीय संस्था एवं जिला कार्यालय द्वारा स्वीकृति आदेश लॉक करने की अंतिम तिथि 21 अप्रैल 2026 तय की गई है। जिला कार्यालय द्वारा भुगतान के लिए प्रस्ताव राज्य कार्यालय को भेजने की अंतिम तिथि 23 अप्रैल निर्धारित की गई है। शिक्षा सत्र 2025–26 के लिए पूरी छात्रवृत्ति प्रक्रिया ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से संचालित की जा रही है।

### किशोर न्याय बोर्ड का निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**कोण्डागांव।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गायत्री साय द्वारा 17 अप्रैल को किशोर न्याय बोर्ड कोण्डागांव का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान लंबित प्रकरणों की स्थिति, बच्चों को उपलब्ध सुविधाओं तथा न्यायिक प्रक्रियाओं के सुचारू संचालन का मूल्यांकन किया गया। सचिव द्वारा बोर्ड में उपस्थित कर्मचारियों से जानकारी लेकर अभिलेखों का निरीक्षण किया गया। लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए गए। किशोरों की सुरक्षा, पुनर्वास एवं परामर्श सेवाओं को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए तथा समय पर विधिक सहायता उपलब्ध कराने पर बल दिया गया। बोर्ड परिसर की स्वच्छता, सुरक्षा एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक सुधार के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

## बिजली कटौती से किसान परेशान, कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर आंदोलन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



क्षेत्र के ग्राम बांनगांव में लगातार हो रही बिजली कटौती को लेकर किसानों और ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। इस संबंध में शुक्रवार को ग्रामीणों ने सहायक कनिष्ठ यंत्री, विकासखंड फरसगांव को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द विद्युत आपूर्ति बहाल करने की मांग की है।

ज्ञापन में बताया गया है कि बीते कई दिनों से अनियमित और लंबे समय तक बिजली बंद रहने के कारण किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खेतों में सिंचाई प्रभावित हो रही है, जिससे फसलों को नुकसान होने की आशंका बढ़ गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि आसपास के क्षेत्रों की तुलना में उनके गांव में अधिक समय तक बिजली कटौती की जा रही है। ग्रामीणों ने कहा कि इस स्थिति से क्षेत्र के किसान और आमजन दोनों ही काफी दुखी हैं। उन्होंने अधिकारियों से तत्काल व्यवस्था सुधारने और नियमित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि दो दिनों के भीतर बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो क्षेत्र के सभी किसान संबंधित कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

## गुणवत्तायुक्त और अधिकाधिक संग्रहण करें, ग्रामीणों की आय बढ़ाने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



कलेक्ट्रेट परिसर में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना की अध्यक्षता में तेंदूपत्ता संग्रहण वर्ष 2026 की कार्ययोजना पर समीक्षा बैठक एवं कार्यशाला आयोजित की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि तेंदूपत्ता संग्रहण को अधिकाधिक एवं गुणवत्तायुक्त बनाया जाए, जिससे ग्रामीणों की आय में वृद्धि हो सके। संग्राहकों को बीमा एवं छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ दिलाने के साथ प्रति संग्राहक न्यूनतम 500 गड्डी संग्रहण का लक्ष्य निर्धारित किया गया। वनमंडलाधिकारी चूड़ामणि सिंह ने बताया कि जिले में 13 समितियों के 245 केंद्रों के माध्यम से 19,200 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य रखा गया है। मौसम और पत्तों की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए 25 अप्रैल से तेंदूपत्ता खरीदी शुरू होने की संभावना है। जिले में लगभग 31 हजार परिवार तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य से जुड़े हैं, जिन्हें विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है।

**700 अधिकारियों–कर्मचारियों की तैनाती:** संग्रहण, प्रसंस्करण और भंडारण कार्य के लिए लगभग 700 अधिकारी–कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। संयुक्त वनमंडलाधिकारी द्वारा पीपीटी के माध्यम से कार्ययोजना प्रस्तुत की गई, जिसमें लगभग 350 अधिकारियों–कर्मचारियों ने भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## खुड़खुड़िया जुआ खेला रहे दो आरोपी गिरफ्तार



**कोण्डागांव।** माकड़ी पुलिस ने खुड़खुड़िया जुआ पर कार्रवाई करते हुए दो अलग–अलग प्रकरणों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 17 अप्रैल को ग्राम हीरापुर के मेला स्थल के पास की गई। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मेला मैदान में कुछ लोग रुपए–पैसों का दांव लगवाकर खुड़खुड़िया जुआ खेला रहे हैं। सूचना पर तत्काल टीम गठित कर मौके पर घेराबंदी की गई। इस दौरान अलग–अलग स्थानों पर जुआ संचालित करते हुए दो व्यक्तियों को पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपियों में फरसराम महावीर निवासी उड़ीदगांव, रोबीराम नेताम निवासी सोड़मा शामिल हैं। दोनों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत पृथक–पृथक प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 1850 नकद, 2 नग झंडामुंडा चार्ट, 12 नग खुड़खुड़िया गोटा एवं 2 नग टोकनी जब्त की है। पूरी कार्रवाई में निरीक्षक ज्ञानेन्द्र सिंह चौहान सहित प्र.आर. मोनाराम मंडावी, सुन्हेर मातलाम, महाराणा प्रताप भुआर्य, आरक्षक केमेन्द्र उइके और हेमलाल रावटे का विशेष योगदान रहा।

## बस्तर के समग्र विकास के लिए बस्तर मुन्ने अभियान की शुरु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



राज्य सरकार द्वारा सुशासन, पारदर्शिता और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से बस्तर मुन्ने अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान में बस्तर संभाग के दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा, कोंडागांव, नारायणपुर, बस्तर और कांकेर जिले शामिल हैं।

अभियान का लक्ष्य प्रत्येक पात्र हितग्राही तक योजनाओं का 100 प्रतिशत लाभ पहुंचाना है, जिसके लिए 31 प्रमुख इंडिकेटर्स तय किए गए हैं। अभियान के सफल संचालन के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है। पहले चरण में घर–घर संपर्क और जनजागरूकता अभियान, दूसरे चरण में ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर, तीसरे चरण में क्लस्टर स्तर पर लंबित प्रकरणों का निराकरण, चौथे चरण में विकासखंड स्तर पर समाधान, पांचवें चरण में थर्ड पार्टी द्वारा मूल्यांकन। प्रत्येक पंचायत में सर्वे कर पात्र हितग्राहियों की पहचान की जाएगी और उन्हें योजनाओं से जोड़ा जाएगा।

**जनप्रतिनिधियों की रहेगी सक्रिय भागीदारी :** अभियान के दौरान जनप्रतिनिधियों के साथ–साथ मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री एवं मंत्रीगण भी शिविरों में शामिल हो सकते हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, आजीविका और आधारभूत सुविधाओं में सुधार कर आम नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

## पेज 03 के शेष

### मनकेशरी बायपास हुआ...

पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से पिकअप में फंसे घायलों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया।

### नक्सल अंधेरा छटते...

अब बच्चों को स्कूल जाने में दिक्कत नहीं होगी, मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाया जा सकेगा और किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में आसानी होगी। यह विकास का ऐसा चक्र है जो पूरे क्षेत्र की तस्वीर बदल देगा। अंतागढ़ जनपद पंचायत अध्यक्ष मनोरमा मंडावी और मंडल अध्यक्ष मनोहर यादव ने भी आमजन को संबोधित किया।

### बदलावा आना तय...

कलेक्टर नीलेश कुमार क्षीरसागर ने कहा कि सरकार द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विशेष विकास योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका लाभ आम जनता तक पहुंचाया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि आमाबेड़ा जैसे क्षेत्रों को विकास के नए मॉडल के रूप में स्थापित किया जाए, जहां सुरक्षा के साथ-साथ समृद्धि भी सुनिश्चित हो। यह बदलाव आप सभी के सहयोग से ही संभव है। हमें मिलकर इस क्षेत्र को आगे बढ़ाना है और इसे एक विकसित एवं सशक्त क्षेत्र के रूप में स्थापित करना है।

### जनगणना प्रगणकों को 3...

प्रशिक्षण के दौरान फील्ड ट्रेनर रोशन वर्मा एवं विकास श्रीवास्तव ने राज्य जनगणना कार्यालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि जनगणना के तहत प्रत्येक भवन, उसमें बने जनगणना मकानों तथा उनमें निवासरत सामान्य परिवारों के साथ-साथ उनके रोजगार एवं व्यवसाय से जुड़ी जानकारी का सटीक संकलन किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला जनगणना अधिकारी जितेन्द्र कुर्रे द्वारा निर्धारित समय-सारणी के अनुसार प्रशिक्षण संचालित किया गया। तीनों दिन जिला मास्टर ट्रेनर प्रो. नवरतन साव की उपस्थिति रही, जिन्होंने प्रतिभागियों के प्रश्नों का समाधान करते हुए उन्हें व्यवहारिक मार्गदर्शन दिया।

प्रशिक्षण के दौरान प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों ने अपने अनुभव और संस्मरण भी साझा किए, जिससे कार्यक्रम और अधिक प्रभावी बना। उल्लेखनीय है कि 16 अप्रैल से गृह मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन जनगणना के प्रथम चरण का ऑनलाइन सेल्फ एन्यूमरेशन कार्य प्रारंभ हो चुका है। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे स्वयं आगे आकर अपने मोबाइल के माध्यम से स्वयं गणना करें और प्राप्त आईडी को सुरक्षित रखें।

### छात्र शैक्षणिक भ्रमण...

इसके साथ ही विद्यार्थियों को प्रथम सूचना रिपोर्ट और शिकायत आवेदन की प्रक्रिया समझाई गई। पुलिस ने बच्चों को यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित यात्रा के महत्व के बारे में भी जागरूक किया।

### शराब दुकान के पास ...

कार्यवाही के दौरान उप निरीक्षक मनोरथ जोशी, प्रधान आरक्षक गितेश्वर कुलदीप, महिला प्रधान आरक्षक हितेश्वरी चेलक, आरक्षक शैलेन्द्र चतुर्वेदी सहित आबकारी विभाग के उप निरीक्षक पुरूषोत्तम सरकार एवं गोविन्द ध्रुव शामिल रहें।

### घायल दो युवक की मौत...

इलाज के लिए उनको अस्पताल ले जाया गया, लेकिन दोनो का 9 अप्रैल को मौत हो गया। अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश करने पर पुलिस द्वारा मर्ग कायम किया गया






## खबर संक्षेप

### महतारी वंदन के पैसों को यमुना पौष्टिक आहार पर करती हैं खर्च



**कांकेर।** महतारी वंदन योजना महिलाओं और उनके परिवारों के लिए आर्थिक सहारा बनकर उभर रही है। इससे मिली राशि का महिलाएं अपनी अलग-अलग जरूरतें पूरी कर रही हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के ग्राम डांगरा प्रवास के दौरान आयोजित बाल चौपाल कार्यक्रम में दुर्गूकोंदल विकासखण्ड के ग्राम करमाड़ से आई यमुना धनेलिया ने बताया कि वह इस योजना से प्राप्त राशि का उपयोग बेहतर ढंग से कर रही हैं। उन्होंने बताया कि महतारी वंदन की प्रत्येक किश्त की आधी राशि को बेटी दिव्यांशी के नाम पर सुकन्या समृद्धि योजना के खाते में जमा करती है तथा शेष राशि अपने बच्चों और अपने परिवार के लिए पौष्टिक आहार मुहैय्या करने में खर्च करती है। उनका संयुक्त और बड़ा परिवार है, जहां अलग-अलग लोगों की अलग-अलग जरूरतें हैं। ऐसे में बच्चों के खानपान पर विशेष रूप से ध्यान देने की आवश्यकता पड़ती है। महतारी वंदन योजना से प्राप्त राशि से वे प्रति सप्ताह बाजार से परिवार के लिए फल एवं पौष्टिक सब्जियां खरीदती हैं तथा सास-ससुर और बुजुर्गों के लिए भी दवाईओं की खरीदी भी इसी राशि से करती हैं। इस तरह यमुना महतारी वंदन योजना से मिली राशि का उपयोग अपने परिवार की बेहतरी के लिए कर रही हैं।

### वन सुरक्षा समिति की राशि में 3 लाख की गड़बड़ी

**मद्देड़।** भोपालपटनम ब्लॉक के ग्राम पंचायत अगमपल्ली में वन सुरक्षा समिति की राशि के गबन का मामला सामने आया है। इस संबंध में समिति के सदस्यों ने कलेक्टर को लिखित शिकायत पत्र सौंपकर जांच एवं कार्रवाई की मांग की है। शिकायत पत्र के अनुसार ग्राम धनगोल की वन सुरक्षा समिति में जमा राशि का उपयोग समिति के अध्यक्ष कुडेम गणपत एवं वनरक्षक मट्टी नागेश द्वारा बिना किसी कार्य कराए और समिति के अन्य सदस्यों की सहमति के बिना कर लिया गया है। आरोप है कि लगभग 3 लाख की राशि का आहरण कर गबन किया गया है। समिति के सदस्यों ने इस मामले को गंभीर बताते कलेक्टर से जांच कराने तथा दोषी पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए राशि की वसूली करने की मांग की है।

### आमजन की सुविधा के लिए लगाया शिविर

**गीदम।** नगर पंचायत गीदम के वार्ड क्रमांक 9 में आमजन की सुविधा एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से एक वृहद मेगा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में वार्ड क्रमांक 8, 9 एवं 10 के बड़ी संख्या में हितग्राहियों ने भाग लेकर विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त किया। एक ही स्थान पर विभिन्न आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता देते हुए शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया गया, जिसमें लगभग 130 लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं दवाइयां उपलब्ध कराई गईं।

## निधन

### जुगरीबाई



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत काराकी निवासी जुगरीबाई का 16 अप्रैल गुरुवार सायंकाल निधन हो गया, वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। अंतिम संस्कार ग्राम कराकी में किया गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, फेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# जनगणना आंकड़ों का संग्रह नहीं देश के विकास की है मजबूत नींव

## सही जानकारी देने से तय होंगी स्कूल, अस्पताल और सड़क की सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर जिले में जनगणना 2027 को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं, वहीं कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि देश के विकास की मजबूत नींव है। इसके जरिए प्राप्त सूचनाएं ही भविष्य की योजनाओं और नीतियों का आधार बनती हैं, जो सीधे आमजन के जीवन स्तर को प्रभावित करती हैं।

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि जनगणना के आंकड़ों के आधार पर ही शासन द्वारा स्कूल, अस्पताल, सड़क, राशन वितरण, पेंशन जैसी आवश्यक सुविधाओं की योजना बनाई जाती है। ऐसे में प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह इस महत्वपूर्ण कार्य में पूरी ईमानदारी और सहयोग के साथ भाग ले। उन्होंने कहा कि जब जनगणना कर्मी घर-घर पहुंचें, तो परिवार के सभी सदस्यों की सही जानकारी जैसे उम्र, शिक्षा, व्यवसाय आदि—निर्भीक होकर और बिना किसी झिझक के साझा करें। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि जनगणना के दौरान ली जाने वाली जानकारी का किसी भी प्रकार से नागरिकता, कर निर्धारण या कानूनी कार्रवाई से कोई संबंध नहीं है। यह पूरी प्रक्रिया गोपनीय होती है और इसका उपयोग केवल नीतिगत निर्णयों के लिए किया जाता है। इसलिए किसी भी प्रकार की अफवाहों या गलत सूचनाओं से बचते हुए जागरूकता और समझदारी के साथ इसमें भाग लेना आवश्यक है।



फाइल फोटो

### परिवार का एक भी सदस्य छूटना नहीं चाहिए

कलेक्टर क्षीरसागर ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि जनगणना के दौरान परिवार का कोई भी सदस्य छूटना नहीं चाहिए। खासकर महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे भी गणना में शामिल हों, यह सुनिश्चित करना हर परिवार की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि एक छोटी सी लापरवाही भविष्य में मिलने वाली सुविधाओं को प्रभावित कर सकती है।

## मंत्री रामविचार ने सर्व आदिवासी समाज के समाजिक भवन किया लोकार्पित

# विकास की वृहद योजनाओं से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में होगा शांति का उदय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल



सर्व आदिवासी समाज कि दुर्गूकोंदल में 50 लाख की लागत से नवीन सामाजिक भवन का लोकार्पण 17 अप्रैल को मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम कृषि विकास एवं किसान कल्याण, आदिम जाति विकास अनुसूचित जाति विकास, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास तथा पशुधन विकास विभाग नें शुभारंभ किया गया।

अजाजा मंत्री रामविचार नेताम नें सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व में हमारी सरकार लगातार गाँव, गरीब, किसान, बच्चों, माताओं एवं बुजुर्गों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। प्रदेश के हर वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसके साथ ही सरकार नक्सलवाद जैसी बड़ी समस्या को जड़ से समाप्त करने के लिए भी दृढ़ संकल्पित है। नक्सल मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने की दिशा में निरंतर ठोस कदम उठाए जा रहे हैं, जिससे क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और विकास का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। नक्सल मुक्त होने के साथ ही अब क्षेत्र में विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। सरकार द्वारा एक सुविचारित और वृहद विकास प्लान तैयार किया गया है, जिसका उद्देश्य इन क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ते हुए समग्र और संतुलित विकास सुनिश्चित करना है। सबसे पहले बुनियादी सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का तेजी से विस्तार किया जाएगा। दूरस्थ और वनांचल क्षेत्रों में बेहतर कनेक्टिविटी के लिए सड़कों और पुलों का निर्माण प्राथमिकता में रहेगा, जिससे लोगों की पहुंच बाजार, स्कूल और अस्पताल तक आसान हो सके। शिक्षा के क्षेत्र में नए स्कूल, छात्रावास एवं डिजिटल शिक्षा की व्यवस्था की जाएगी, ताकि क्षेत्र के बच्चे भी आधुनिक शिक्षा से जुड़ सकें। स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का उन्नयन, मोबाइल मेडिकल यूनिट और विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

### अंततः बना भवन

विधायक सावित्री मंडावी ने कहा कि कठिन परिस्थितियों और अनेक चुनौतियों का सामना करने के पश्चात यह सामाजिक भवन का निर्माण संभव हो पाया है। क्षेत्र में लंबे समय से प्रतीक्षित सामाजिक भवन का निर्माण अब पूर्ण हो चुका है, जिससे स्थानीय समाज में हर्ष और उत्साह का माहौल है। उन्होंने बताया कि यह भवन समाज की एकता, विकास और आपसी सहयोग का प्रतीक है। आने वाले समय में यह भवन विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों का केंद्र बनेगा, जिससे समाज के सभी वर्गों को लाभ मिलेगा। विधायक ने कहा कि इस भवन के निर्माण से क्षेत्र के लोगों को एक सशक्त मंच प्राप्त होगा, जहाँ वे अपने सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन कर सकेंगे और आपसी समन्वय को और मजबूत बना पाएंगे, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और समाज के लोगों ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है।

## भीषण गर्मी में तैनात ट्रैफिक जवानों को सहयोग ने दिए तौलिया एवं शीतल जल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

अप्रैल माह में ही पड़ रही भीषण गर्मी ने लोगों का जनजीवन प्रभावित करना शुरू कर दिया है। सुबह 10 से 11 बजे के बाद से लेकर शाम 5 बजे तक सड़क पर निकलना मुश्किल हो गया है। ऐसे हालात में ट्रैफिक पुलिस के जवानों को चिलचिलाती धूप और लू के थपेड़ों के बीच घंटों खड़े रहकर अपनी ड्यूटी निभानी पड़ रही है।

इसी स्थिति को देखते हुए समाजसेवी संस्था जन सहयोग के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी ने ट्रैफिक जवानों को राहत पहुंचाने का संकल्प लिया। इसके तहत संस्था के सदस्य कड़ी धूप में शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर पहुंचे, जहां ड्यूटी कर रहे ट्रैफिक पुलिस जवानों को ठंडे पानी की बोतलें, बिस्कुट तथा नाक-कान ढंकने के लिए सफेद तौलिए वितरित किए गए। इस अवसर पर अजय पप्पू मोटवानी ने कहा कि इस वर्ष की गर्मी अभी से रिकॉर्ड तोड़ स्थिति में पहुंचती नजर आ रही है। आने वाले मई-जून में हालात और गंभीर हो सकते हैं। ऐसे में उन जवानों की मदद करना जरूरी है, जो 40 से 45 डिग्री तापमान में भी अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक पुलिस को ड्यूटी के दौरान न केवल गर्मी का सामना करना पड़ता है, बल्कि दुर्घटनाओं, जुलूस और रैलियों जैसी परिस्थितियों से भी निपटना पड़ता है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि यदि उनके आसपास कोई ड्यूटी पर तैनात व्यक्ति परेशान नजर आए, तो उसे ठंडा पानी जरूर उपलब्ध कराएं और साथ ही प्यासे पशु-पक्षियों के लिए भी पानी की व्यवस्था करें। यदि कोई व्यक्ति हीट वेव से प्रभावित दिखाई दे, तो उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाने या संबंधित संस्था को सूचना देने का प्रयास करें। कार्यक्रम में जन सहयोग के अध्यक्ष के साथ वरिष्ठ सदस्य प्रवीण गुप्ता, मनोज दुबे महाराज, सीताराम, संजय कुंजाम, आशुतोष देव सहित अन्य समाजसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# विधायक ने कहा-संविधान ही देश की आत्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली



भाजपा बचेली मंडल ने वार्ड क्र.16 मुंड्रा कैंप में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई। नन्हे बच्चों की कला और मुंड्रा कैंप के युवाओं के शानदार प्रबंधन ने समां बांध दिया। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक चैतराम अटामी मौजूद रहे। अतिथियों ने बाबा साहेब के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण वार्ड के बच्चों द्वारा दी गई रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रहीं। नन्हे कलाकारों ने नृत्य के माध्यम से सामाजिक संदेशों को मंच पर जीवंत कर दिया। बच्चों के आत्मविश्वास और कलात्मक प्रदर्शन ने मौजूद अतिथियों और वार्ड वासियों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिसके लिए सभी प्रतिभागियों को विशेष रूप से पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। आयोजन को सफल बनाने में मुंड्रा कैंप की युवा टीम की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण रही। कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने से लेकर मंच सज्जा और अंतिम समय तक की व्यवस्थाओं का संपूर्ण दायित्व युवाओं ने निभाया। इस टीम में नरेश चौहान, बसंत खुरा, दिव्यो दुर्गा, सुरेश नाग, शंकर खुरा, शिवदास, आकाश खुरा, मुन्ना खुरा, पीतांबर सागर, सुशील दुर्गा, श्रवण मौर्य, लखन दुर्गा, कैलाश कुरे, अरुण कुरे और अनिल खुरा शामिल थे। अतिथियों ने इन युवाओं के समर्पण और सफल आयोजन की जमकर सराहना की। विधायक चैतराम अटामी ने अपने संबोधन में कहा संविधान ही हमारे देश की आत्मा है। बाबा साहेब ने शिक्षा को जो महत्व दिया, उसे आज इन बच्चों की प्रतिभा में देखा जा सकता है। राजू जायसवाल ने कहा बच्चों की ये प्रस्तुतियां दर्शाती हैं कि हमारे वार्डों में प्रतिभा की कमी नहीं है, बस उन्हें सही मंच की जरूरत है। मंडल अध्यक्ष अमलेंदु चक्रवर्ती भाजपा बाबा साहेब के अंत्योदय और समानता के संकल्प को पूरा करने हेतु कृत संकल्पित है।

# तंबाकू पर सख्ती, 17 चालान, 2700 का वसूला जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत गंगालूर क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई करते हुए तंबाकू नियमों का उल्लंघन करने वालों पर चालानी कार्रवाई की गई। यह अभियान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीआर पुजारी के मार्गदर्शन में संचालित किया गया।

कोटपा अधिनियम 2003 के अंतर्गत क्षेत्र की विभिन्न दुकानों एवं ठेलों की जांच की गई। जहां नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कुल 17 चालान किए गए और 2700 की राशि जुर्माने के रूप में वसूली गई। अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग से डॉ. मनोज लम्बाड़ी, डॉ. माधुरी डेंटल सर्जन, शिक्षा विभाग से नर्वेद सिंह तथा पुलिस विभाग से महेश राठौर प्रधान आरक्षक, बुद्ध हेमला, डीसीएफ राम लाला प्रसाद, नक्का मानकू पोतम, अर्जून हेमला और वेंकटम्म झाड़ी उपस्थित रहे।

कार्यवाही के दौरान संबंधित दुकानदारों को अपनी दुकानों पर तंबाकू निषेध से संबंधित चेतावनी बोर्ड अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश दिए गए। साथ ही आमजन को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए नियमों का पालन करने की अपील भी की गई। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में नियमों के पालन को लेकर जागरूकता बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा



भारतीय संविधान के शिल्पकार, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर कि 135 वीं जयंती के अवसर पर नगर चारामा में बौद्ध समाज चारामा द्वारा कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें नगरवासी भी शामिल हुए।

14 अप्रैल की सुबह 10 बजे बस स्टैंड चारामा में बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित की गई। इसके पश्चात पास में स्थापित पंचशील झंडे पर ध्वजारोहण कर त्रिशरण पंचशील का वाचन किया गया। इसके बाद सुबह 11 बजे बस स्टैंड से धूमधाम के साथ बाइक रैली निकाली गई, जो पूरे नगर का भ्रमण करते हुए जैसकर्रा पेट्रोल पंप से नैनी नदी पुल होकर पुनः बस स्टैंड पहुंचकर समाप्त हुई। दिन में अन्य सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बाबा साहेब के जीवन पर परिचर्चा भी शामिल रही। शाम 4 बजे डॉ. भीमराव आंबेडकर वार्ड क्रमांक 9 से भीम शोभायात्रा डीजे के साथ निकाली गई, जो चारामा मंडी से होते हुए कोरर चौक स्थित मंगल भवन पहुंची। वहां झंडे के पास एवं मंगल भवन में बाबा साहेब आंबेडकर और भगवान बुद्ध के छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर मोमबत्तियां जलाई गईं तथा जयकारे लगाए गए। इसके बाद शोभायात्रा मुख्य मार्ग से होते हुए बस स्टैंड पहुंची, जहां समाज के गणमान्यजनों द्वारा बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुनः पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इसके पश्चात शोभायात्रा पुनः डीजे पर भीम गीतों के साथ पूरे नगर में निकाली गई, जिसमें समाज के सभी लोग पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। रैली पुनः कोरर चौक स्थित मंगल भवन पहुंची, जहां सभी ने एक बार फिर बाबा साहेब के छायाचित्र के समक्ष मोमबत्तियां जलाकर उन्हें स्मरण किया। इसके बाद रैली समाज भवन पहुंचकर समाप्त हुई। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सामूहिक भोज का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज के अध्यक्ष योगेश्वर मेश्राम, उपाध्यक्ष नागेश भोवते, सचिव दिनेश गजभिये, सह सचिव कुश मेश्राम, कोषाध्यक्ष कोमल मेश्राम, राजपाल कान्हेकर, रामचरण रंगारे, पुरुषोत्तम मेश्राम, गोविंद लांगे, मनीशंकर बोरकर, विरेंद्र गजभिये, विकास मेश्राम, विकेश मेश्राम, लोकेश बारसागड़े, निकेश मेश्राम, दीनबंधु वाल्मीकि, संघ रत्न, बुद्ध रत्न, आशीष गजभिये, भूपेंद्र रामटेके, संदीप मेश्राम, विक्रांत गजभिये, शीतल सहारे, अनिता खोब्रागड़े, मनोरमा गजभिये, रेखा रामटेके सहित समाज के सभी लोगों का सराहनीय सहयोग रहा।

# स्वास्थ्य परीक्षण के लिए घर-घर पहुंच रही टीम, कमिश्नर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

चारामा विकासखण्ड के ग्राम रतेसरा के सड़कपारा और सराधुनवागांव में मुख्यमंत्री स्वस्थ्य बस्तर अभियान के अंतर्गत किए जा रहे स्वास्थ्य परीक्षण का बस्तर कमिश्नर डोमन सिंह द्वारा शुक्रवार को औचक निरीक्षण किया गया तथा ग्रामीणों से चर्चा कर स्वास्थ्य परीक्षण के संबंध में जानकारी ली।

जिले में मुख्यमंत्री स्वस्थ्य बस्तर अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत परिवार के सभी सदस्यों का स्वास्थ्य परीक्षण (स्क्रीनिंग) किया जा रहा है, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर पहुंचकर परिवार के प्रत्येक सदस्यों का स्क्रीनिंग कर टीबी, मलेरिया, कुष्ठ रोग, फाइलेरिया, मधुमेह, शुगर, मुख कैंसर एवं मोतियाबिंद, एनीमिया इत्यादि के स्क्रीनिंग के अलावा मौसमी बीमारियों का मौके पर उपचार के साथ ही गर्भवती माताओं की पहचान भी की जा रही है।

मरीजों को मौके पर ही दवाई दिए जा रहे हैं और जोखित पाए जाने पर बेहतर जांच व उपचार के लिए हायर सेंटरों को रिफर किया जा रहा है। कमिश्नर के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान ग्राम रतेसरा में स्वास्थ्य कार्यकर्ता गणराज गावड़े, प्रीति पोयाम व अंकिता जुर्री के द्वारा लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा था, मितानिन भी उनका सहयोग कर रही थी। कमिश्नर द्वारा पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि सुबह 9 बजे से स्वास्थ्य परीक्षण का कार्य शुरू किया जाता है। कमिश्नर ने मितानिन पेटी का भी अवलोकन किया तथा दवाईयों की उपलब्धता की जानकारी ली। कमिश्नर के निरीक्षण के दौरान ग्राम सराधुनवागांव में स्वास्थ्य कार्यकर्ता कौशल जुर्री, देवेन्द्र साहू व सोनिया शांडिल्य के टीम द्वारा हेमंत नेताम के घर के बरामदे में लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा था। कमिश्नर ने यहां लोगों से बातचीत कर स्वास्थ्य परीक्षण के संबंध में जानकारी ली तथा मौके पर उपस्थित मितानिन से भी दवाईयों के उपलब्धता के संबंध में पूछताछ किया।

अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक व कोटवार स्वास्थ्य परीक्षण टीम का सहयोग करें।

इसके अलावा स्वास्थ्य परीक्षण के लिए तय किए गए दिन के दो दिवस पहले संबंधित गांव में कोटवार के माध्यम से मुनादी कराई जाए। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर द्वारा राजस्व पखवाड़ा के संबंध में भी ग्रामीणों से जानकारी ली गई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरसी ठाकुर, एसडीएम चारामा नरेन्द्र बंजारा, बीएमओ डॉ. ओपी शंखवार, तहसीलदार सत्येन्द्र शुक्ला उपस्थित रहें।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव), धारी देवी, चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411